दुल्हन बनी है तुलसा

आज दूल्हा बने शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी,
दुल्हन बनी है तुलसा दुल्हन बनी है.....

आओ मेरी सखियों मुझे टीका पहना दो,
बिंदिया लगा के मुझे सुंदर सजा दो,
मांग भरेंगे शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी,
आज दूल्हा बने शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी.....

आओ मेरी सखियों मुझे हरवा पहना दो,
नथनी पहनाकर मुझे सुंदर सजा दो,
माला पहनावे शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी,
आज दूल्हा बने शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी.....

आओ मेरी सखियों मुझे मेहंदी लगा दो,
चूड़ियां पहना कर मुझे सुंदर सजा दो,
छल्ला पहनावे शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी,
आज दूल्हा बने शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी.....

आओ मेरी सखियों मुझे पायल पहना दो,
महावर लगाकर मुझे सुंदर सजा दो,
संग संग नाचे शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी,
आज दूल्हा बने शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी.....

आओ मेरी सखियों मुझे लहंगा पहना दो,
चुनरी उड़ा के मुझे सुंदर सजा दो,
घुंघटा उठामें शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी,
आज दूल्हा बने शालिग्राम तुलसा दुल्हन बनी.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32021/title/dulhan-bani-hai-tulsa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |